भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510

संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, शनिवार 28 जून 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143

ई अटेंडेंस हस्ताक्षर अभियान मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन

भोपाल हेडलाइन बुरहानपुर ई अटेंडेंस केवल शिक्षको के लिए लागू करना शिक्षक के सम्मान , स्वाभिमान और गुरु परंपरा के विपरीत है। हम इस व्यवस्था का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि यह व्यवस्था संपूर्ण प्रशासनिक अमले पर लागू हो। उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि ऐसी मांग को लेकर अपने अपने संकुल / ब्लॉक / जिला स्तर पर एक हस्ताक्षर अभियान शुरू किया जाएगा संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष ठाकुर संजय सिंह गहलोत धर्मेंद्र चौक से डॉक्टर अशफाक खान अनिल बाविस्कर विजेश राठौर ठाकुर अरविंद सिंह राजेश साल्वे अनिल सातव नैमुर रहमान प्रमिला सगरे कल्पना पवार सविनय कहा कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से शांतिपूर्वक पर्यटन के विरुद्ध मुहिम चलाई जाएगी

आदेशों को अमल में लाने के लिए तैयार नही जिम्मेदार अधिकारी..?

जेसीबी चली खुदाई हुई कलेक्टर ने दिया आदेश अब तक नही पहुंचे अफसर....

देवास जिला मुख्यालय के करीब मुंबई , आगरा हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत चिडावद में लगभग एक महीने पहले ग्राम पंचायत की जल गंगा अभियान के तहत जलसंसाधन विभाग के तालाब मे अवैध उत्खनन करवाकर मुरम इत्यादि बेच रहे थे इस मामले को कई अखबारों में खबर लगी थी इस घटनाक्रम की लिखित और मौखिक जानकारी टोंक कला पुलिस चौकी पर देने के साथ ही एसपी, कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, जलसंसाधन विभाग के ई.ई.एसडीओ, उपमंत्री तक को अवगत करवाने के बावजूद कोई कार्यवाही के नाम पर सरकार के माथे पर कालीख पौते जाने जैसा काम किया जा रहा है।

लेकिन कलेक्टर द्वारा अधिनस्थों को दिए गए आदेश पर अमल होना अभी बाकी है।

कलेक्टर ऋतुराज ने टोंक खुर्द एसडीएम कन्हैया लाल तिलवारी को अवैध खनन की जांच करवा कर कार्यवाही सुनिश्चित करने को आदेशित किया था।

एसडीएम तिलवारी ने नायब तहसीलदार चिडावद, उपमंत्री जलसंसाधन, पुलिस चौकी प्रभारी टोंक कला की संयुक्त टीम बनाकर जांच के लिए पत्र तो जारी कर दिया है लेकिन पत्र पर प्रतिक्रिया लेने के लिए तीनों विभाग एक जुट नही हो पा रहे हैं।

विद्या बिहार कॉलोनी, सिराली में नाली न होने से बीमारी फैलने का खतरा पार्षद राहुल शाह व पार्षद प्रतिनिधि शिवदास गुर्जर ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भोपाल हेडलाइन 7 जिला ब्यूरो ङ्क संजय योगी

सिराली। वार्ड क्रमांक 06 स्थित विघा बिहार कॉलोनी के नागरिक इन दिनों भारी संकट का सामना कर रहे हैं। कॉलोनी में नाली निकासी की कोई समुचित व्यवस्था न होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा हो रहा है, जिससे दुर्गंध, मच्छरों और बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। स्थानीय रहवासियों ने बताया कि नगर परिषद को कई बार आवेदन देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। परिषद का कहना है कि कॉलोनी अब तक नगर परिषद को हैंडओवर नहीं की गई है, और इसे अवैध कॉलोनी के रूप में दर्ज किया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वार्ड 11के पार्षद राहुल शाह एवं पार्षद प्रतिनिधि शिवदास गुर्जर वार्ड 6 ने हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन को एक ज्ञापन सौंपकर कॉलोनी में तत्काल नाली निर्माण की मांग की है। साथ ही कॉलोनीनाइज़र पर कानूनी कार्रवाई करने की भी अपील की गई है। निवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र

नाली नहीं की गई तो संक्रमण और बीमारियों का फैलाव और तेज हो सकता है। स्थानीय प्रशासन से जल्द ही नाली निर्माण की अपेक्षा की जा रही है ताकि आमजन को राहत मिल सके।

मुनि श्री 108 निर्वेग सागर जी महाराज का मंगल प्रवेश संघ सहित हुयी भव्य आगवानी

साकेत नगर जैन समाज में उत्साह।

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल हेडलाइन संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री गुरुदेव विद्यासागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य, पाठशाला प्रणेता, तप, त्याग, साधना और आत्मज्ञान की ओर अग्रसर कराने वाले, जैन समाज के महान पथप्रदर्शक एवं प्रेरणास्त्रोत मुनिवर 108 श्री निर्वेग सागर जी महाराज ससंघ का रूची लाईफ स्केप से विहार होकर श्री 1008 भगवान महावीर दिगम्बर जैन मंदिर साकेत नगर में मंगल प्रवेश हुआ। हेमलता जैन रचना ने बताया कि पूज्य मुनिसंघ का रात्री विश्राम साकेत नगर जैन मन्दिर जी में हुआ तत्पश्चात प्रातःकालीन पूजन क्रिया के पश्चात् मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज का संघ सहित पद विहार अशोका गार्डन जैन मंदिर जी हेतु होगा। साकेत नगर जैन समाज द्वारा धर्म ध्वजा, जयकारों के बीच पाद-प्रक्षाल करते हुए मुनिसंघ की साकेत नगर मंदिर जी में भव्य आगवानी की गयी। इस अवसर पर मंदिर जी अध्यक्ष नरेंद्र जैन टोंग्या, उपाध्यक्ष ताराचंद्र जैन, सचिव महेंद्र जैन, अन्य पदाधिकारी तथा समिति सदस्यों के साथ अन्य समाजजन उपस्थित थे।

मोहर्रम का चांद नज़र आया 6 जुलाई को निकलेगा परंपरागत जुलूस इस्लामी नया साल आरंभ सड़के बदहाल गडडे या गड्डो में सड़क मुहर्रम जुलस से पूर्व सड़को को दुरस्त करे नगर निगम

भोपाल हेडलाइन मध्यप्रदेश सर्वधर्म सद्भावना मंच के सचिव हाजी मोहम्मद इमरान हारून ने मोहर्रम के परंपरागत जुलूस की तैयारियों को लेकर भोपाल नगर निगम बिलजी विभाग जन प्रतिनिधियों से वेवस्थाओं को दुरस्त करने की मांग की है हाजी इमरान ने मांग करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरहां इस वर्ष भी 6 जुलाई को मोहर्रम का परंपरागत जुलूस शहर में जगह जगह से निकले गा पर उसकी तैयारियां अब तक नगर निगम बिजली विभाग और जन प्रतिनिधियों की और से आरंभ नही की गई है चांद नज़र आते ही इस्लामिक नव वर्ष आरम्भ हो जाता है और जुलूस ताजियों सवारियों की तैयारियां भी आरम्भ हो जाती है जो चल सम्हारो में भाग लेकर कर्बला पोहच कर समाप्त होता है पर इस वर्ष अब तक कोई तैयारियां आरम्भ नही की गई है जगह जगह सड़को गलियों में सड़के बदहाल पड़ी है और एक हल्की सी बारिश ने सड़को को और भी बदहाल कर दिया है जो मोहर्रम जुलूस के लिए असुविधा का कारण है इसी तरहां शहर की जगह जगह स्ट्रीट लाइट भी बंद है इसको भी दुरस्त किआ जाना चाहिए विशेष कर बुधवारा इतवारा मोती मस्जिद पीर गेट रॉयल मार्किट स्टेट बैंक शहीद नगर साजिदा नगर कर्बला तक कि सड़कों को डामरीकरण पेज वर्क किआ जाए जिसके लिए नगर निगम पदाधिकारी जन प्रतिनिधि सड़को का भ्रमड करें और स्थिति का जायज़ा लेकर सड़को को वेयवस्थित करें एक बारिश में सड़को की बदहाली किसी से छुपी नही है पुराने भोपाल में जगह जगह जल भराव की स्थिति बन आई एवं बिजली विभाग द्वारा सभी स्ट्रीट लाइट वेयवस्थित की जाए वही जगह जगह सुरक्षा टेंट लगाए जाए एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए वही हाजी इमरान हारून ने आलम ए इंसानियत और बिरदराने वतन को इस्लामिक नव वर्ष की बधाई दी है

संस्कृत भाषा को अनिवार्य घोषित करने की मांग...

भोपाल हेडलाइन कक्षा 9से 12 तक स्कूली पाठ्यक्रम में शासन प्रशासन की उपेक्षा से व्यथित और आहत संस्कृत शिक्षकों व संस्कृतभारती खंडवा ने संयुक्त रूप से आज कलेक्टर कार्यालय व माननीय विधायक महोदया खंडवा को माननीय मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर व्यावसायिक विषयों के नाम पर संस्कृत भाषा जैसे सर्वकालिक और सार्वभौमिक महत्व जैसे विषय की उपेक्षा न करने और इसे नवीन शिक्षा नीति के त्रिभाषा सूत्र अनुसार अनिवार्य घोषित करने की मांग का ज्ञापन सौंपा ।

इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि विद्यार्थियों में मानवीय नैतिक ,वैज्ञानिक ,राष्ट्रीय मूल्यों के संवर्धन मे संस्कृत का अगाध साहित्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है । संस्कृत की पाठ्यक्रम में अनिवार्यता से ही भावी पीढ़ी में संस्कारों का बीजारोपण संभव है ।

इस दौरान संस्कृत भारती के विभाग संयोजक कौशल मेहरा ,जिला अध्यक्ष , जिला मंत्री चंपालाल पटेल , जिला संस्कृत प्रभारी निशा तिवारी , शिवनाथ प्रसाद मिश्र ,दुर्गेश जोशी ,कैलाश वर्मा , विकास सरमंडल,राजेंद्र गुप्ता ,संगीता राय ,मीरा पाठक ,उमा भाते,भूपेंद्र हिरवे ,राजेश बिल्लौरे सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को रवीन्द्र भवन में

400 से ज्यादा प्रतिभाओं का होगा सम्मान

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल - दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान समारोह 2025, 29 जून रविवार को शाम 4 बजे से हंसध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन में आयोजित होगा।

समारोह में - दसवीं,बारहवीं कक्षा के साथ ही स्नातक, स्नाकोत्तर, डिग्री कोर्सेस,प्रोफेशनल कोर्सेस, राज्य, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी कला-साहित्य सहित अन्य श्रेणी की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में प्रदेश की गौरव, दक्षिण-पश्चिम विधानसभा निवासी श्रुतिका जैन, सी.बी.एस.ई ऑल इंडिया रैंक 2 एवं प्रदेश रैंक 1 विशेष रूप से उपस्थित रहकर, विद्यार्थियों का उत्साह-वर्धन करेंगी। एवं कार्यक्रम की आइकॉन होंगी।

प्रतिभा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि - इंदर सिंह परमार, मंत्री उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग होंगे। समारोह में विषय विशेषज्ञ के रूप में विजय मनोहर तिवारी कुलगुरु, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, डॉ. प्रिया भावे चित्तावर, प्रजनन चिकित्सा विशेषज्ञ एवं आयरन-लेडी ट्राई-एथलिट तथा श्रीमती कला मोहन, शैक्षणिक सलाहकार एवं मनोवैज्ञानिक समारोह में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता - भगवानदास सबनानी, विधायक व प्रदेश महामंत्री भाजपा होंगे।

कार्यक्रम का आयोजन नवप्रयास, सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति, भोपाल द्वारा किया जा रहा है।

भोपाल परशुराम सेना की संभागीय बैठक 28 जून को, उज्जैन व इंदौर के बाद यह तीसरी बैठक भोपाल में

संतोष योगी की खबर 9993268143

भोपाल, मध्यप्रदेश में परशुराम सेना द्वारा संभागीय संगठन को सशक्त बनाने हेतु चल रही बैठकों की श्रृंखला में भोपाल संभाग की तीसरी संभागीय बैठक का आयोजन शनिवार, 28 जून 2025 को दोपहर 3ः00 बजे किया जा रहा है। यह बैठक भोपाल स्थित सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन भवन, लिंक रोड क्रमांक 3 के सभागार में आयोजित होगी। इससे पूर्व उज्जैन व इंदौर संभागों की बैठकें सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुकी हैं। यह भोपाल संभाग की बैठक संगठनात्मक सुदृढ़ता की दिशा में एक अहम पड़ाव मानी जा रही है। बैठक में भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर एवं विदिशा जिलों के पदाधिकारी भाग लेंगे। बैठक में परशुराम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष पं. विष्णु राजोरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगे- पं. राकेश चतुर्वेदी ङ्क संरक्षक, परशुराम सेना एवं मध्य प्रदेशसंभागीय बैठक प्रभारी पं. अनूप शुक्ला ङ्क प्रदेश अध्यक्ष, परशुराम सेना पं.मुकेश चतुर्वेदी प्रदेश संयोजक परशुराम सेना पं. प्रेम गुरु ङ्क कार्यकारी अध्यक्ष, परशुराम सेना पं. जितेंद्र ओझा, संरक्षक मंडल पं. भरत तिवारी संरक्षक मंडल, पंडित राजीव शुक्ला संरक्षक मंडलपं. सुरेंद्र चतुर्वेदी, संरक्षक मंडलपं. नर्मदा प्रसाद भार्गव, संरक्षक मंडल पं. देवेंद्र शास्त्री ङ्क संरक्षक मंडल प. सुधीर शर्मा संरक्षक मंडल पं. सुनील उपाध्याय ङ्क प्रदेश महामंत्री पं. अजय मिश्रा ङ्क प्रदेश महामंत्री, परशुराम सेना दीपक शुक्ला प्रदेश प्रवक्ता परशुराम सेना प्रेम गुरु कार्यकारी अध्यक्ष ने बताया कि इस बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक एवं शैक्षणिक योजनाओं की रणनीति, आगामी कार्यक्रमों की योजना और युवा ब्राह्मण समाज को संगठित कर सशक्त करने के दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। परशुराम सेना द्वारा प्रदेशभर में 10 संभागीय बैठकों की योजना बनाई गई है, जिनमें से उज्जैन व इंदौर संभाग की बैठकें सफलतापूर्वक सम्पन्न हो चुकी हैं और अब भोपाल संभाग की यह तीसरी बैठक संगठन को नई दिशा प्रदान करेगी।

प्रबंध संचालक मनजीत सिंह एवं अजाक्स आमने-सामने हुए

मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा एवं सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश एवं नियमों को किया दर-किनार

भोपाल हेडलाइन मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह के साथ, मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अधिकारी- कर्मचारी संघ (अजाक्स) तथा विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश की एक संयुक्त बैठक ,शक्ति भवन रामपुर जबलपुर में संपन्न हुई। निर्धारित समय से क़रीब 45 मिनिट देरी से प्रारंभ हुई बैठक के शुरुआत में सबसे पहले मध्यप्रदेश अजाक्स भोपाल संभाग के अध्यक्ष बंशीलाल धनवाल ने प्रबंध संचालक पर आरोप लगाया कि आपके द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति के कर्मचारी-अधिकारियों को , जातिगत द्वेष-भाव से बिना बजेह ,प्रताड़ित किया जाकर ,परेशान किया रहा है, यहां तक की अजाक्स के संभागीय सचिव जबलपुर शेखर पेगवार सहायक अभियंता का ईर्ष्यावस ,दुर्भावना से राज्य शासन एवं कंपनी के नियमों के विपरीत अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया, इसलिए कि वह आरक्षित समुदाय के हित-अधिकार की रक्षा की बात करते थे। इसलिए राज्य सरकार ने उक्त स्थानांतरण

को नियम विरुद्ध मानकर, मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश क्रमांक 146/0267/2025-व्रष्ठ- 15-01 दिनांक 28 मई 2025 के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन ऊर्जा विभाग ने आदेश क्रमांक 5374/3048046/2025/तेरह/8 भोपाल, दिनांक 05 जून 2025 को उपरोक्त स्थानांतरण को निरस्त करने के आदेश दिए हैं, किंतु 20 दिन बीत जाने के बाद भी आपने (प्रबंध संचालक) उक्त का स्थानांतरण निरस्त नहीं किया, ऐसा क्यौ ? इससे स्पष्ट होता है कि आप (प्रबंध संचालक) शासन ,प्रशासन के आदेशों को नहीं मानते व जानबूझकर शासन के नियमों की अवहेलना करते हैं, ईर्ष्या व जलन वस ,हठधर्मिता एवं मनमानी कर आरक्षित वर्ग के लोगों के साथ पक्षपात व भेदभाव करते हैं। जो उचित एवं न्याय संगत नहीं है। प्रबंध संचालक ने कहा कि मैंने उसको पनिश किया है, श्री धनवाल ने पनिश का कारण जानना चाहा तो, उपलब्ध नहीं कर पाए। दूसरा आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग एवं ऊर्जा विभाग तथा स्वयं कंपनी के निर्देशों की आपने खुलेआम अवहेलना कर, विगत माह दिनांक 13 मई 2025 को करंट चार्ज (उच्च पद भार) के तीन अलग-अलग आदेश किये, उन आदेशों में भी आपने (प्रबंध संचालक) आरक्षित वर्ग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जातिगत भेदभाव के चलते, आपने आपके चहते कनिष्ठ अधिकारियों को सुपर पावर करंट चार्ज (उच्च पदभार) देकर आरक्षित वर्ग के अधिकारी को, करंट चार्ज देने से भी वंचित कर दिया ,यह भी आपकी भेदभाव पूर्ण कार्य प्रणाली को प्रदर्शित करता है। इस आरोप पर भी प्रबंध संचालक संगठन के पदाधिकारी को शासन के नियमानुसार संतुष्ट नहीं कर पाए। श्री धनवाल ने कहा की मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड जबलपुर में, शासन के नियमों के अनुसार कुछ भी नहीं हो रहा है, यहां केवल वही हो रहा है, जो मनजीत सिंह को अच्छा लगे। अजय सोनकर ने कहा कि यदि यहां की भेदभाव पूर्ण कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो नियमानुसार हड़ताल आंदोलन का रुख संघ को अपनाना पड़ सकता है , जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी महा प्रबंधक की होगी। निरूत्तर परिणामों के साथ बैठक समाप्त हुई। स्थानीय समस्त अधिकारी कर्मचारियों को श्री धनवाल ने आश्वासन दिया कि माननीय मुख्यमंत्री जी, माननीय ऊर्जा मंत्री जी, माननीय प्रांताध्यक्ष अजाक्स तथा माननीय अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग मध्य प्रदेश शासन को संपूर्ण घटनाक्रम तथा श्री मंजीत सिंह के अड़ियल रवैया की विस्तृत जानकारी सौपकर आप सभी की समस्याओं का निराकरण करवाने का अनुरोध करेंगे। बैठक में अजाक्स के संभागीय अध्यक्ष श्री बंशीलाल धनवाल, अजाक्स के वरिष्ठ अजय सोनकर दादाभाई।